21 MARCH- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 3/21/2024 9:06 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 18 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 डेढ़ महीने में सरगुजा के दो उपार्जन केन्द्रों के संपूर्ण धान का उठाव, बलरामपुर के केन्द्रों में लगा अंबार



## खबर संक्षेप

### अधेड़ का शव मिलने से फैली से सनसनी

**जनकपुर।** रात को घर से निकला एक अधेड़ का दूसरे दिन सुबह शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। शव के शरीर पर मारपीट के निशान होने से प्रथम दृष्टया हत्या करना प्रतीत हो रहा है। इधर घटना की सूचना पर जनकपुर थाना प्रभारी ओम प्रकाश दुबे स्टाप के साथ मौके पर पहुंच शव का पंचानामा कार्रवाई एवं पीएम पश्चात अंतिम संस्कार के लिए शव परिजन को सौंप दिए और हत्यारे की पतासाजी में जुट गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनकपुर थानांतर्गत ग्राम पंचायत भगवानपुर के खटकरीपारा निवासी श्यामलाल बैगा पिता जयलाल बैगा उम्र 54 वर्ष 20 मार्च को घर से निकला था, जिसका 21 मार्च को उसी घर के नजदीक लगभग 100 मीटर की दूरी पर मृत हालत में शव मिला है। मृतक के शरीर पर मारपीट करने के निशान होने से थाना प्रभारी ओपी दुबे ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिए सघन जांच में जुट गए हैं।

### संदीप, दिनेश, रमेश संतोष बने निज सचिव

**बैकुण्ठपुर।** विधान सभा क्षेत्र बैकुंठपुर के विधायक भईयालाल राजवाडे ने अपने निजी स्थापना में कार्यरत चार निजी सहायकों की जानकारी कलेक्टर समेत सभी विभाग प्रमुखों को दी है। जानकारी के अनुसार श्री राजवाडे ने अपने चार निजी सहायक नियुक्त किए हैं, जिससे कि उनका कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। निजी सहायक के रूप में बैकुंठपुर निवासी संदीप पटेल, ग्राम सरडी निवासी दिनेश कुमार राजवाडे, ग्राम खरवत निवासी रमेश राजवाडे एवं चरचा कॉलरी निवासी संतोष कुर्रे को बनाया है।

### अमित ने चिरमिरी टीआई का संभाला कार्यभार

**डोमनहिल।** चिरमिरी में नए थाना प्रभारी के रूप में अमित कुमार



कौशिक ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव शांति रूप से संपन्न कराए जाने बाबत तथा लोगों के सहयोग से क्षेत्र में अमन चैन कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करने की कोशिश की जाएगी। जनता किसी भी वक्त अपनी समस्याएं लेकर थाना आ सकते हैं। यथासंभव पुलिस की ओर से मदद दी जाएगी। अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने का हमारा पूरा प्रयास रहेगा, इसके पूर्व वे जगदलपुर, जांजगीर चांपा, मुंगेली सहित अन्य क्षेत्रों के थानों में पदस्थ रह चुके हैं।

### केवाईसी अपडेट कराने गई महिला से दुष्कर्म

**मनेन्द्रगढ़।** शहर से लगे ग्राम डंगोरा में एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर मनेन्द्रगढ़ कोतवाली में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार भलोर निवासी दिनेश यादव ने पास गांव की रहने वाली एक विवाहिता को महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त करने के लिए केवाईसी अपडेट करने बुधवार की शाम शंकरपुर लेकर आया था। केवाईसी अपडेट करने के बाद आरोपी महिला को अपने साथ मोटरसाइकिल में बैठाकर ला रहा था। शाम का समय और अंधेरा होने के कारण आरोपी की नियत बिगड़ गई और उसने रेलवे फाटक के पास गाड़ी रोककर महिला को जंगल की ओर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता अपने घर पहुंची और परिजन को इस बात की जानकारी दी, देर रात परिजन कोतवाली मनेन्द्रगढ़ पहुंचे और आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया। आरोपी भाजपा नागपुर मंडल का पदाधिकारी भी है।

---

### बीते वर्ष के मुकाबले 200 दस्तावेज में आई कमी

# 9.50 करोड़ के लक्ष्य में 70 फीसदी जमीन रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पंजीयन कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री कराने वालों की कई दिनों से भीड़ जुट रही है। वित्तीय वर्ष का अंतिम माह का अंतिम दौर चल रहा है, इसके बाद आगामी एक अप्रैल से जमीन रजिस्ट्री की दर में बढ़ोत्तरी हो जाएगी और लोगों को एक अप्रैल से बढ़े हुए दर पर रजिस्ट्री करानी होगी।

- नए वित्तीय वर्ष में बढ़ता है रजिस्ट्री दर

आगामी माह होने बढ़े दर से रजिस्ट्री से बचने के लिए लोगों के द्वारा वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में जमीन व अन्य दस्तावेजों के रजिस्ट्री कराने की होड़ मची हुई। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में स्थित पंजीयन कार्यालय में विगत कई दिनों से जमीन सहित अन्य तरह के दस्तावेजों के रजिस्ट्री कराने के लिए प्रतिदिन लोगों की भीड़ जुट रही है। सुबह कार्यालय खुलने के साथ ही रजिस्ट्री कराने का कार्य शुरू हो जाता है और कार्यालय समय के बाद तक पंजीयन कार्यालय में लोगों की भीड़ देखी जा रही है। हर कोई मार्च समाप्त होने के पूर्व ही दस्तावेजों का पंजीयन कराना चाह रहा है, ताकि एक अप्रैल से बढ़े हुए दर से बच सके। यही कारण है कि पिछले कुछ दिनों से पंजीयन कार्यालय में काफी भीड़-भाड़ चल रही है।

लोगों को दस्तावेजों का पंजीयन कराने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है, वहीं राज्य सरकार के द्वारा मार्च माह में रजिस्ट्री कराने वालों की होड़ को देखते हुए अवकाश के दिन भी दस्तावेजों का रजिस्ट्री कराने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके कारण अवकाश के दिन में भी पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है।





#### अब तक लक्ष्य का 70 प्रतिशत तक पहुचा रजिस्ट्री

पंजीयन कार्यालय में अब तक मिले लक्ष्य का 70 प्रतिशत रजिस्ट्री कार्य पूरा कर लिया गया है और अब माह के शेष दिनों में लक्ष्य पूरा करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पंजीयन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष 9 करोड़ 50 लाख रूपए का रजिस्ट्री लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 6 करोड़ 60 लाख रूपए की रजिस्ट्री हो चुकी है। अब माह के बचे शेष समय में लक्ष्य प्राप्ति की उम्मीद कम ही लग रही है, लेकिन लक्ष्य के करीब पहुंचने की तैयारी है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष बीते वर्ष के मुकाबले 200 कम दस्तावेज अब तक प्राप्त हुए हैं।

#### अवकाश के दिन भी हो रही रजिस्ट्री

वित्तीय वर्ष का अंतिम माह चल रहा है और पंजीयन कार्यालय को मिले लक्ष्य की पूर्ति के लिए लगातार काम करना पड़ रहा है। सुबह निर्धारित समय पर कार्यालय खुलने के साथ ही रजिस्ट्री का कार्य शुरू हो जाता है और सरकार के आदेश के बाद अवकाश के दिनों में भी दस्तावेजों का रजिस्ट्री किया जा रहा है, ताकि मिले लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। जानकारी के अनुसार अब तक 1500 दस्तावेज का पंजीयन हुआ है।

#### 70 फीसदी लक्ष्य की हुई है पूर्ति

कोरिया जिले में इस वर्ष 9 करोड़ 50 लाख रूपए का रजिस्ट्री लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 6 करोड़ 60 लाख रूपए की रजिस्ट्री हो चुकी है। अब माह के बचे शेष समय में लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

-पहलाद द्विवेदी
उप पंजीयक कोरिया

---

# ऑनलाइन ठगी करने वाला आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

फोन पर बातचीत करते हुई जान पहचान के बाद कोरिया जिले की एक युवती युवक के झांसे में आ गई और 4 लाख रूपए से अधिक की राशि युवक ने कई नंबरों से हड़प लिए, इसके अलावा शादी के झांसे में आकर सोने की चैन, घड़ी, कपडे व नगद की जरूरत के नाम पर ठगी का शिकार हो गई, तब पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध धारा 420 आईपीसी व 66 डी आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले की पतासाजी शुरू की, तब आरोपी को कोरिया पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।



- झांसे में लेकर युवक से ठगे 4 लाख रुपए

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के ग्राम भैंसवार की युवती ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 अक्टूबर 2023 को अपने घर में थी, इसी दौरान सुबह उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया। बातचीत के दौरान युवक ने अपना नाम विजय कुमार बताया और लुभावनी बाते करने लगा और शादी का झांसा देकरअपने जॉल में फंसा लिया। इसी बीच 12 अक्टूबर 2023 को पुनः आरोपी युवक ने फोन किया और कहा कि मैं मुंबई हवाई अड्डा पहुंच गया हूं,मेरे पासपोर्ट और बीजा नहीं है, तुम्हारे लिए गहना और 85 लाख रूपए नगद ला रहा था, मुझे पुलिस वालों ने हवाई अड्डे पर रख लिया है। मुझे ऑनलाईन पासपोर्ट और बीजा बनवाना पड़ेगा, जिसके लिए फोन पे पर 20 हजार रूपए भेज दो, इसके बाद फोन पुनः आया और कहा कि मैं मुंबई थाना से डीएसपी बोल रहा हूं, उसे चेकिंग में पकड़ा हूं, उसे बचाने के लिए 20 हजार रूपए नहीं और रूपए लगेंगे। इन बातों में आकर पीड़िता ने फोन पे नंबर एवं अकाउंट पर कुल 4 लाख 18 हजार 700 रूपए का ट्रांजेक्शन कर ठगी का शिकार हुई। उक्त मामले को लेकर प्रार्थिया ने सोनहत थाना में 4 जनवरी 2024 को एफआईआर दर्ज कराई। इस प्रकरण में साईबर सेल द्वारा पतासाजी के दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपी पश्चिम बंगाल में है। इस सूचना से सायबर सेल प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरिया को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी की पतासाजी के लिए सायबर सेल कोरिया की टीम दीगर प्रांत कलकत्ता पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई और आरोपी संजीत पायत पिता बीरेन पायत उम्र 27 वर्ष निवासी बेतिया थाना मानिकपुर हावड़ा कलकत्ता पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर कोरिया लाया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सुमित नामक व्यक्ति से पिछले 3 वर्षों से बातचीत करता था जो उसे आनलाईन फ्रॉड करने के लिए अपना यूको बैंक, अपनी मां चयना पायत का पंजाब नेशनल बैंक, दीदी संजिता सरदार का यूको बैंक व अपने मित्र सुमन मंडल का पंजाब नेशनल बैंक का खाता खोलवाकर, एटीएम वाट्सएप से सुमित को भेजा था और कभी-कभी वह स्वयं गंगाघाट, पुजाली, चौबीस परगना में जाकर उसे बैंक खाता दिया करता था। इस प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध जिला कोरिया में पंजीबद्ध धारा 420 भादवि एवं 66 (डी) आईटी एक्ट का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। प्रकरण में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान सहित अन्य लोग सक्रिय रहे।

---



पुलिस गिरफ्त में अपहरण का आरोपी।

# युवक का अपहरण कर मांगी 20 हजार रुपए की फिरौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांधीनगर पुलिस ने युवक का अपहरण कर 20 हजार रुपए की फिरौती मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक का अपहरण सुखरी गांव से किया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार दरिमा अंतर्गत कतकालो निवासी महिला 18 मार्च को अपने भाई मनमोहन महंत के साथ सामान लेने के लिए अंबिकापुर जाने की तैयारी कर रही थी। इसी बीच मनमोहन महंत घूमने के नाम पर गांव के मुरली महंत के साथ स्कूटी पर बैठकर बिना बताए घर से चला गया और देर रात तक वापस नहीं आया। देर रात 3 बजे मुरली महंत के मोबाइल नंबर से बहन के पास फोन आया और जिसमे उसके भाई ने रोते हुए बताया कि वह मुरली के साथ सुखरी आया हुआ था। इस दौरान मुरली उसे छोड़कर कहीं चला गया, इस दौरान श्याम नामक युवक द्वारा उसे जबरन अपने बुलेट बाइक पर बैठा लिया गया और किसी घर में बंद कर रखा गया है। अपहरण करने वाले युवक द्वारा 20 हजार रुपए देने पर ही मनमोहन महंत को छोड़ने की बात कही जा रही है। इसके साथ ही युवक के साथ मारपीट करने की धमकी दी गई। महिला द्वारा घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की गई थी।

- आरोपी युवक गिरफ्तार

पुलिस द्वारा मामले में जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बिश्रामपुर कुरवा निवासी 33 वर्षीय श्याम कुमार रवि को उसके घर से पकड़ने के साथ ही युवक को रिहा कराया गया। इस दौरान आरोपी श्याम कुमार रवि ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में 364(क), 365 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई में थाना गांधीनगर से प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, आरक्षक अरविंद उपाध्याय, पवन यादव, घनश्याम देवांगन, रिषभ सिंह सक्रिय रहे।

---

# 100 दिन के अंदर मोदी की गारंटी के कई काम हुए: श्याम बिहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

छग में साय सरकार के 100 दिन पूरे होने पर चिरमिरी प्रेस भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज छग सरकार सुशासन के 100 दिन पूरे कर लिए हैं, इन 100 दिनों में हमने चुनाव के पहले जो प्रमुख गारंटी जनता को दिया था, सरकार बनने के बाद तत्काल अमल में लाना प्रारंभ कर दिया और सर्वप्रथम प्रदेश के 18 लाख परिवारों के लिए पीएम आवास की राशि साथ ही आवास योजना के लिए 12 हजार 168 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

- स्वास्थ्य मंत्री ने संबोधित किया प्रेसवार्ता

महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की मातृशक्तियों को आर्थिक स्वालंबन एवं





सशक्तिकरण के लिए 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में बीते 10 मार्च को 655 करोड़ रुपए सीधे उनके खातों में आंतरित कर दी गई। कृषक उन्नति योजना वायदे के अनुसार समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में 19257 प्रति एकड़ आदन सहायता राशि के साथ के साथ ही साथ 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा निभाते हुए 24 लाख 70 हजार से अधिक किसानों को 13320 करोड़ रुपए का एक मुस्त भुगतान किया गया, तेंदूपत्ता संग्राहकों के प्राथमिक दर को 4000 प्रति मानक से बढ़ाकर 5500 प्रति मानक बोरा दिए जाने की शुरूआत कोंडागांव जिले से कर दी गई है। शासकीय भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की पहल हमने की है, लोकसेवा आयोग के राज्य सेवा परीक्षा 2021 के संबंध में प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जांच के लिए सीबीआई को प्रकरण प्रेषित कर दिया गया है, रामलला दर्शन करने के लिए योजना लागू करने वाला छग देश का पहला राज्य है।

उन्होंने कहा कि हमने शासकीय नौकरी में छग के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट की अवधि को 5 साल के लिए और बढ़ा दिया है। लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है, जिससे प्रदेश में वर्ष 2018 की स्थिति में 430 लोकतंत्र सेनानियों को प्रतिवर्ष करीबन 9 करोड़ रुपए का सम्मान राशि प्रदान की जाती रही उसे दिया जाएगा।

#### आम जनता के लिए बिजली बिल राहत

स्वास्थ्य मंत्री ने बिजली बिल राहत के बारे में बताया कि राज्य के 42 लाख 34 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने के लिए बजट में 1274 करोड़ रुपए का प्रावधान है, सरकार द्वारा राष्टीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का निर्णय लिया गया है, जिससे युवाओं में तार्किक क्षमता के संवर्धन के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होगा। भूमिहीन कृषि मजदूरी योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी, इसके लिए 500 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि जल मिशन के लिए 153 करोड़ की राशि जारी कर दी गई है, जिससे 100 साल तक चिरमिरी में पानी की समस्या नहीं होगी, हसिया नदी को गंगा की तरह साफ किया जाएगा, चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ के बीच साजा पहाड़ रोड के लिए 40 करोड़ रुपए की लागत से वित्तीय स्वीकृति ⏭ शेष पेज 4 पर

---

# पर्यावरण और शिक्षा एक दूसरे के पूरक

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसईसीएल के हसदेव एरिया जीएम संजय मिश्रा एवं मनेन्द्रगढ़ एडीजे आनंद प्रकाश दीक्षित मौजूद रहे।

- स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

विद्यालय के चेयरमैन रमेशचंद्र सिंह वकील ने अपने संभाषण में ब्रांड डीडब्ल्यूपीएस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विद्यालय बच्चों के उत्कृष्ट तथा समग्र विकास के लिए निर्मित किया गया है और आने वाले समय में इसे शिक्षा के उच्च कोटि तक ले जाया जाएगा। मुख्य अतिथि ने अपने संभाषण में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा के चहुंमुखी विकास के लिए



कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

विद्यालय की सराहना की। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज का दिन स्पैरो डे के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने पर्यावरण और शिक्षा को एक-दूसरे का पूरक कहा तथा बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की प्रशंसा की विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी द्वारा माता-पिता से उनके बच्चों के सही दिशा-निर्देश पर आधारित शपथ ग्रहण कराया तथा प्राचार्य द्वारा ही समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विद्यालय की निदेशिका पूनम सिंह ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर होने के लिए विद्यालय परिवार की ओर से अपने संकल्प एवं आगामी सत्र के लिए योजनाओं की बात कही।

---

# मतदान जागरूकता अभियान: वोट करेंगे, तभी तो बढ़ेंगे कलेक्टर

**एमसीबी।** मतदान जागरूकता अभियान को गति देने के लिए जिला प्रशासन ने स्वीप कैलेंडर तैयार किया है एवं संबंधित विभाग प्रमुख को तय स्वीप गतिविधियों का संपादन करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट ने शांतिपूर्ण तरीके से स्वीप आयोजन एवं मतदान प्रक्रिया करने का आह्वान किया है। जिले के सबसे कम मतदान वाले बूथ को सूचीबद्ध करके जनभागीदारी से स्वीप गतिविधि को करना परिणात्मक साबित होगा। इसी कड़ी में समस्त ग्राम पंचायत में महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मतदान जागरूकता अभियान चलाना शुरू कर दिए हैं, जिसके तहत नारा लेखन, शपथ कार्यक्रम, प्रभात फेरी जैसे आयोजन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इस बार स्थानीय गैर राजनीतिक स्थानीय लोगों को स्वीप बैनर में जगह मिलेगी, साथ ही मतदान जागरूकता से संबंधित शार्ट वीडियो स्वयं का बनाकर शेयर करने वाले युवाओं, श्यान बुजुर्ग, दिव्यांग जानों का वीडियो स्थानीय केबल चैनलों में प्रसारित करने की कार्य योजना बनाई गई है। मतदान जागरूकता संबंधित नवाचार करने वाले गैर राजनीतिक स्थानीय लोगों को जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा, इसके लिए गतिविधि करने के पूर्व निर्वाचन कार्यालय से अनुमति लेकर नियम के तहत कार्यक्रम पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना होगा। इन सबकी जानकारी बुधवारक को कलेक्टर सभाकक्ष में स्वीप प्रभारी अधिकारी नितेश उपाध्याय ने दी।

---

### स्व सहायता समूह की महिलाएं फूलों की महक महकाने में जुटी

# हर्बल रंगों से सराबोर होगी होली, लोगों के मन में होगी सुखद अनुभूति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए बैकुंठपुर के बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारी व मिठाइयों की ओर बड़ी संख्या में लोग खरीददारी करने में जुटे हुए हैं।

जिला क्लेक्टरेट परिसर में भी जय सेवा सहायता महिला समूह की श्रीमती कुसुम सिंह हर्बल गुलाल का स्टॉल लगाई हुई है। उन्होंने बताया कि यह गुलाल विभिन्न फूलों से तैयार की गई। इस गुलाल में किसी भी तरह की केमिकल या सेंट का उपयोग नहीं किया गया है, बल्कि इन महिला समूहों की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक गुलाल तैयार की गई है, जिससे गुलाल लगाने वाले का तन-मन में एक सुखद अनुभूति पैदा करेगी और स्थानीय उत्पाद को अच्छा बाजार भी मिलेगा। ग्राम पंचायत रटगा के आश्रित गांव डोंगरीपारा निवासी श्रीमती कुसुम सिंह ने बताया कि स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गुलाल के अलावा, आचार, पापड़, बड़ी, मिलेट्स से बने खाद्य सामग्री आदि तैयार की जाती है और सी-मार्ट



रंग बनाने में जुटी महिलाएं।

के माध्यम से खरीदी-बिक्री भी की जाती है। श्रीमती कुसुम सिंह ने बताया कि उनके द्वारा तैयार उत्पाद को रायपुर व बिलासपुर जैसे शहरों में खूब मांग की जाती है और इसी स्वसहायता समहू की वजह से उनके समहू को 60 हजार से लेकर एक लाख रुपए तक की आमदनी हो जाती है।

## समूह के दीदियों ने लगाया हर्बल गुलाल का स्टाल

पहली बार महिला स्व.सहायता समूह के दीदियों ने बताया कि इस वर्ष पहली बार हर्बल गुलाल निर्मित कर रही हैं। परियोजना निर्देश नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम सिमेन्द्र सिंह के सहयोग से जय अंबे स्वयं सहायता समूह की दीदियों को रोजगार का साधन उपलब्ध कराते हुए गुलाल बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण उपरांत दीदीयों ने मेहनत कर होली के त्यौहार के लिए हर्बल रंग तैयार किया और उसका स्टाल 20 मार्च को जिला कलेक्टर कार्यालय में लगाया गया। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट तथा नवपदस्थ वनमंडलाधिकारी मनीष कश्यप ने छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान जय अंबे स्वयं सहायता समूह के द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत उन्होंने हर्बल रंग भी खरीदा। उन्होंने शिव महिला समूह द्वारा तैयार स्टेशनरी सामग्री कॉपी, फाइल पैड, फाइल कवर के बारे पूछा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम सिमेन्द्र सिंह के द्वारा



बताया गया कि समूह की दीदियों के द्वारा अब तक 4 माह में 1.5 लाख रुपए की सामग्री का विक्रय किया गया है। इसी प्रकार जय अंबे समूह की दीदियों ने हर्बल गुलाल तैयार करने का काम किया है, जिसमें उन्होंने हल्दी से पीला रंग, पलाश के फूल से संतरा रंग, चुकंदर से गुलाबी रंग तथा पालक से हरा रंग का गुलाल तैयार किया है। स्टाल लगाकर समूह ने 6 हजार रुपए की गुलाल बिक्री की। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### शराब के नशे में युवतियों ने सड़क पर की मारपीट

**अंबिकापुर।** शहर में एक बार फिर से युवतियों के बीच मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। दो युवतियों के बारिश के दौरान मारपीट किए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। इस मामले में पुलिस ने दोनों युवतियों को पकड़कर सखी सेंटर भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि गांधीनगर थाना क्षेत्र के साईं मंदिर तिराहा के सामने शराब के नशे में धुत्त होकर दो युवतियां आपस में मारपीट कर रही थी। तेज बारिश के बीच सड़क पर युवतियों की गुंडागर्दी का वीडियो किसी ने बना लिया था और बाद में वह वीडियो वायरल हो गया। 17 मार्च की रात हुई इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर युवतियों को पकड़कर पूछताछ की गई। युवतियों द्वारा संदेहास्पद जवाब देने पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नए जेम्स बॉन्ड पर लग गई मुहर ? इस अभिनेता के नाम पर चर्चा का बाजार गर्म



जेम्स बॉन्ड को लेकर इंटरनेट पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक एरोन टेलर-जॉनसन अगले जेम्स बॉन्ड के रूप में पर्दे पर नजर आएंगे। एक ब्रिटिश टैबलॉयड में छपी रिपोर्ट की मानें तो वे सबसे प्रतिष्ठित पात्रों में से एक जेम्स बॉन्ड के किरदार को निभाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने से बस एक कदम दूर हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टेलर-जॉनसन को औपचारिक रूप से इस किरदार को निभाने की पेशकश की गई है और आने वाले दिनों में वे इस अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। फिल्म जेम्स बॉन्ड के निर्माता ईओएन प्रोडक्शंस ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

ईओएन के एक सूत्र ने डेडलाइन को स्पष्ट रूप से बताया कि जेम्स बॉन्ड के रूप में डैनियल क्रेग की जगह कौन ले रहा है, इसकी जानकारी कुछ समय बाद ही सामने आ सकेगी। वहीं इन रिपोर्ट्स का टेलर जॉनसन ने भी अब तक खंडन नहीं किया है, जिससे अफवाहों का बाजार और अधिक गर्म हो गया है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने एक साक्षात्कार में बताया था, "मुझे यह अद्भुत और आकर्षक लगता है कि लोग मुझे उस भूमिका में देखते हैं। मैं इसे एक बड़ी प्रशंसा के रूप में लेता हूं।"

बता दें कि इसी महीने ही एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि जेम्स बॉन्ड बनने की रेस में ऑस्कर विजेता किलियन मर्फी भी शामिल थे।

### टालीवुड


## भारी सुरक्षा के बीच पुष्पा-2 के सेट पर पहुंचीं रश्मिका, दिखा फर्स्ट लुक



'एनिमल' की बंपर बॉक्स ऑफिस सफलता के बाद रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 'पुष्पाः द राइज' की सीक्वल है। फिल्म से सामने आए अल्लू अर्जुन के पोस्टर ने फैंस के उत्साह को बढ़ाया हुआ है। साथ ही फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच रश्मिका मंदाना भारी सिक्योरिटी के बीच 'पुष्पा 2' के सेट पर पहुंचती नजर आई हैं। अभिनेत्री का वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। रश्मिका मंदाना को उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पाः द रूल' के सेट पर देखा गया। एक मंदिर के बाहर लाल साड़ी पहने अभिनेत्री का वीडियो वायरल हो गया है। भारी सुरक्षा के बीच सेट पर पहुंचतीं रश्मिका वीडियो में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वीडियो में अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए फैंस को भी इकट्ठा होते देखा जा सकता है। जानकारी हो कि फिल्म में रश्मिका अपनी श्रीवल्ली की भूमिका को दोहरा रही हैं, जिसने अल्लू अर्जुन द्वारा निभाए गए किरदार पुष्पराज से शादी की थी। ऐसा कहा जाता है कि सीक्वल उनकी शादी के बाद के जीवन पर केंद्रित है। कथित तौर पर लीक हुआ फुटेज आंध्र प्रदेश के यागंती मंदिर परिसर का है। पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पाः द रूल' वैश्विक स्तर पर धमाल मचाने को तैयार है। फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 'पुष्पाः द राइज' थी, जो सुकुमार द्वारा निर्देशित एक एक्शन एंटरटेनर थी। फिल्म 17 दिसंबर, 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 'पुष्पाः द राइज' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। वहीं 'पुष्पा 2' 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो जल्द ही विक्की कौशल के साथ फिल्म 'छावा' में नजर आने वाली हैं। कथित तौर पर, यह फिल्म एक ऐतिहासिक ड्रामा है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर केंद्रित है। इसके अलावा रश्मिका की झोली में 'एनिमल' फिल्म की सीक्वल 'एनिमल पार्क' भी है।

### भोजपुरी

## महादेव का गोरखपुर रिलीज होगी एक साथ 5 भाषाओं में



भोजपुरी फिल्म स्टार एवं सांसद रवि किशन की बहुचर्चित और बहुप्रतिक्षित फिल्म महादेव का गोरखपुर आगामी 29 मार्च को भोजपुरी सहित पांच भाषाओं में प्रदर्शित होने जा रही है। राजेश मोहनन द्वारा निर्देशित एवं प्रितेश शाह, सलिल संकरण द्वारा निर्मित यह फिल्म भोजपूरी के साथ ही हिन्दी, तेलगू, तमिल, कन्नड भाषा में देश ही नही विदेशों में भी यह रिलीज होने जा रही है। रवि किशन का जबरदस्त किरदार दर्शकों को देखने को मिलेगा। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' में अभिनेता रवि किशन का दो लुक नजर आयेगा। जिसमें से एक लुक में वह रौद्र रूप में महादेव के अंश के रूप में दिखेंगे। तो दूसरे लुक में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आयेंगे। जिसकी झलक रिलीज टीजर में देखी जा सकती हैं।फिल्म में दो कालखंड की कहानी हैं।साल 1727 की घटना का जिक्र किया गया हैं।जिसमें मुजफ्फर खान के हमले का जिक्र है। अभिनेता और सांसद रवि किशन स्वयं महादेव के भक्त हैं।वह कहते हैं, फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' एक शानदार फिल्म बनी हैं। इस फिल्म में महादेव शिव जी की जिस भव्यता और आस्था कसाथ स्तुति की गई है। वह अकल्पनीय है,ऐसा वर्णन पहले किसी फिल्म में नहीं हुआ है। महादेव जी ने मुझे इस फिल्म के लिए मुझे चुना है,यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है।उम्मीद हैं दर्शकों का भरपूर आशीर्वाद और प्यार सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' का निर्माण रवि किशन ने प्रितेश शाह और सलिल संकरण के साथ किया है।फिल्म का निर्देशन राजेश मोहनन ने किया है ।




स्लीपिंग ब्यूटी का जलवा

बहुप्रतीक्षित फैशन शो मेट गाला 2024 की थीम का खुलासा हो गया है। 'स्लीपिंग ब्यूटीज़' पर आधारित न्यूयार्क के इस फैशन शो में ब्लेक लिवली से लेकर गीगी हदीद तक मौजूद रहेंगे। फैशन की दुनिया में मेट गाला में सर्वश्रेष्ठ फैशन कार्यक्रम देखने के लिए प्रशंसक एक साल तक इंतजार करते हैं। यह फिल्मी सितारों का एक ऐसा शो बन गया है जिसमें अभिनेता, गायक और अन्य सहित हॉलीवुड सेलेब्स शामिल होंगे।


## शरीर पर हो रही है खुजली तो नहाने के पानी में मिलाएं ये चीजें

जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है, वैसे-वैसे शरीर पर कई तरह के बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस मौसम में बहुत से लोगों की त्वचा पर खुजली की समस्या होने लगती है। वैसे तो इस परेशानी के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को बाजार में मिलने वाले इन प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं होता। ऐसे में वो घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से छुटकारा पाना चाहते हैं।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको शरीर की खुजली दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किए इस परेशानी से राहत पा सके। इन नुस्खों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए इसके बारे में जानते हैं।

### नीम के पत्ते

भारत के हर गली-मोहल्ले में आपको नीम का बड़ा सा पेड़ दिख ही जाएगा। इसकी पत्तियां कई मामलों में काफी मददगार रहती हैं। खासकर अगर बदलते मौसम में आपको खुजली परेशान कर रही है, तो आप नहाने के पानी में नीम की पत्तियां डाल सकते हैं।



### ऐसे करें इस्तेमाल

नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में नीम की पत्तियों का इस्तेमाल नहाने के पानी में करने के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर इसका अर्क निकालना है। अब इस अर्क को आप नहाने के पानी में डाल सकते हैं। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### सिरका

अगर आपके घर पर सेब का सिरका है, तो भी आप शरीर की खुलजी से राहत पा सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व कुछ ही दिनों में आपको शरीर की खुजली से राहत दिला सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

सेब का सिरका इस्तेमाल करने के लिए आपको बस नहाने का पानी लेना है और उसमें 2 ढक्कन सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर डालना है। अब इसे अच्छी तरह से मिलाकर इस पानी से नहाएं। ये आपको जरूर फायदा पहुंचाएगा।

### एंटी-बैक्टीरियल साबुन

आप इसका आसान विकल्प तलाश रहे हैं, तो बाजार में आपको तमाम तरह की एंटी-बैक्टीरियल साबुन मिल जाएंगी। जिनसे नहाकर भी आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। हालांकि कोशिश करें, कि पानी में सिरका या फिर नीम के पत्ते डालकर इसी का इस्तेमाल करें।

## ऑफिस में है होली पार्टी तो ऐसे आउटफिट पहनकर दिखाएं जलवा

फैशन



होली का त्योहार हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई देते हैं। त्योहार के दिन हर जगह का माहौल काफी खुशनुमा होता है। होली के दिन जगह-जगह होली पार्टी का आयोजन होता है, जिसमें लोग मिलकर काफी एन्जॉय करते हैं।



इसी क्रम में कई दफ्तर भी ऐसे होते हैं, जो अपने कर्मचारियों के लिए होली पार्टी का आयोजन करते हैं, ताकि हमेशा काम करने वाले उनके कर्मचारी अपने लिए वक्त निकालकर थोड़ा खुश रह पाएं। होली पार्टी में दफ्तर का माहौल भी काफी खुशनुमा हो जाता है। इस दिन लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर आते हैं, और एक साथ पार्टी का मजा लेते हैं।

अगर आपके दफ्तर में भी होली पार्टी है, लेकिन आपको समझ नहीं आ रहा कि पार्टी में क्या पहनें तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आउटफिट के बारे में बताएंगे, जिसे आप होली पार्टी में कैरी कर सकती हैं।

**शरारा सूटः** आजकल इस तरह का शरारा काफी आरामदायक रहता है। इसके साथ दुपट्टा नहीं होता। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी करके अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ हैवी झुमके से अपना लुक कंप्लीट करें।

**अंगरखा सूटः** ऐसा अंगरखा सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं। इसके साथ गले में ऑक्सीडाइज नेकपीस पहन सकती हैं।

**साड़ी :** अगर साड़ी पहनना पसंद तो दफ्तर की होली पार्टी में साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाएं। अगर आपकी साड़ी सफेद रंग की होगी, तो इसका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

**जींस और कुर्ता :** अगर ऐसा कपड़ा पहनना चाहती हैं, जो आरामदायक भी हो तो जींस के साथ कुर्ता पहनें। जींस में आप अपना मोबाइल भी रख सकती हैं। इसके साथ ही आप चाहें तो होली के प्रिंट वाला स्पेशल कुर्ता अपने लिए खरीद सकती हैं।

**अनारकलीः** अगर अनारकली सूट पहनने का मन है, तो आप इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके साथ दुपट्टा कैरी करना न भूलें। ये आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा।

## अपने सिंपल से लुक को स्टाइलिश स्लीव की मदद से बनाएं खूबसूरत

साड़ी हो या सूट कभी-कभी इनके बोरिंग स्टाइल हमें अच्छे नहीं लगते, तो कभी ट्रेंड में रहने वाले स्टाइल जैसे- टिप नेक, वन-स्ट्रिप ब्लाउज को पहनने का माहौल नहीं होता। ऐसे में आप केवल अपनी ड्रेस की स्लीव्स को स्टाइलिश बनाकर एक आकर्षक लुक पा सकती हैं, क्योंकि स्लीव्स अगर थोड़ा ट्रेंडी हों तो पूरा लुक नया हो जाता है। आप इन्हें अपने बड़ों और रिश्तेदारों के सामने या पूजा-पाठ में भी आराम से पहन सकती हैं।

**बलून स्लीव्सः** इसकी स्लीव फ्री स्टाइल होती है, जो लास्ट में फिटेड बेल्ट से कंप्लीट हो जाती है। अगर आपके हाथ पतले हैं तो यह आपके लिए ही है। वैसे तो यह हर फैब्रिक पर चल जाती है, लेकिन ऑर्गेंजा फैब्रिक में यह एकदम क्लासी लुक देती है।

**फिट एंड फ्लेयरः** वेलवेट सूट में इस तरह की स्लीव्स बहुत सुंदर लगती हैं। इन्हें आप शादियों में पहन सकती हैं। इसे कोहनियों तक फिट किया जाता है और फिर एक फ्लेयर पैटर्न होता है।

**कॉउल और प्लीटेडः** अगर आप एथनिक स्टाइल में मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो आपके लिए यह स्लीव स्टाइल बेस्ट है। इस पैटर्न में स्लीव्स प्लेटेड और लास्ट में फिटेड बेल्ट लगी होती है। मोटे बाजू वाली महिलाएं शिफॉन या जॉर्जेट जैसे हल्के फैब्रिक में इस तरह की स्लीव्स बनवाएं तो बहुत सुंदर लगती हैं।




**सिंगल स्ट्रिपः** इस तरह की स्लीव्स सदाबहार हैं। ये सिंगल स्ट्रिप स्लीव्स होती हैं, इसलिए इनमें बाजू पूरी खुली रहती हैं। ये सूट, साड़ी और आपके एथनिक टॉप पर खूब फबती हैं। हेवी फैब्रिक, जैसे-बनारसी, सिल्क को ये मॉडर्न टच देती हैं। लेस वर्क

इसमें डबल लेस वर्क किया जाता है। आजकल कॉटन की जालीदार या क्रोशिया पर डिजाइन की गई लेस भी काफी ट्रेंड में है।

## अच्छे हेयर स्टाइल की समझें अहमियत, जरूर मिलेगी तारीफ

आपको गुड लुक्स देने में आपकी ड्रेस और स्किन केयर रूटीन का भी योगदान होता है। लेकिन इस बात को ये कहकर इग्नोर नहीं किया जा सकता है कि लोग सिर्फ कपड़ों को देखते हैं, स्किन, हेयर केयर या हेयर स्टाइल को नहीं। आपके मन में अगला सवाल पक्का यही आया होगा कि शादी सीजन में कैसे गुड लुकिंग दिखें? गुड लुकिंग दिखने की पहली शर्त आपकी शानदार हेयर स्टाइल है। अच्छी हेयर स्टाइल आपके पूरे लुक्स को ट्रांसफॉर्म कर सकती है।



### मीडियम लेंथ बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल मीडियम लेंथ के हैं और उनका टैक्स्चर भी स्मूथ है तो, आप फवाद खान के क्लासिक स्लीक बैक लुक को अपना सकते हैं। ये काफी पुराना लेकिन क्लासिक लुक है जो एथनिक वियर के साथ बेहतरीन तरीके से मिक्स एंड मैच किया जाता रहा है। हालांकि ये आपको पक्का करना होगा कि आपके बाल सही शेप में हों और उनकी केयर अच्छी तरह से की गई हो। अगर आप किसी खास डेट पर स्पेशल दिखना चाहते हैं तो कम से कम एक महीने पहले से किसी प्रोफेशनल की मदद लेना ठीक रहेगा।

### लंबे बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो आप शाहिद कपूर का स्टाइलिश मॉप लुक आजमा सकते हैं। आपको करना सिर्फ इतना है कि आपको अपनी साइड्स को ट्रिम करना है, सिर के टॉप पर बालों की लेंथ को अच्छा रखना है।

आप उन्हें हेयर वैक्स या पोमेड से एक साइड की तरफ कॉम्ब कर सकते हैं, और उसी हिसाब से स्टाइल भी कर सकते हैं। इस स्टाइल को थोड़े मेंटनेंस की आवश्यकता होती है, लेकिन यकीन कीजिए कि, इस हेयर स्टाइल को अपनाने के बाद आपका लुक पार्टी में सबसे बेहतर दिखेगा।

### विराट कोहली की फेड कट

अगर आप किसी ऐसी हेयर स्टाइल को मेंटेन करना चाहते हैं, जो कभी भी फेल न हो और ज्यादातर फेसकट पर अच्छी दिखे। मेरी सलाह यही है कि आप विराट कोहली की सिग्नेचर फेड कट को आजमाएं। जी हां, ये हेयर स्टाइल वाकई हर किसी पर अच्छी दिखती है। वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि ये फेड हेयर स्टाइल वाकई बेहद शानदार है। आप अपने सिर और चेहरे के शेप के हिसाब से साइड पर अलग-अलग लंबाई भी आजमा सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### लड़कों को अपनी स्टाइल का पूरा ध्यान रखना चाहिए, लोग करेंगे तारीफ

## टीशर्ट पहनते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान, तभी मिलेगा परफेक्ट लुक

*जिस तरह से लड़कियां अपने कपड़े से लेकर ज्वेलरी तक का खास ध्यान रखती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी आजकल अपने स्टाइल का काफी ध्यान रखते हैं। ऑफिस से लेकर घूमने जाने तक के लिए वह स्टाइलिश कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए कई बार लड़के बॉलीवुड सेलिब्रिटी से भी टिप्स लेते हैं, पर कई बार ऐसा होता है कि टिप्स लेने के बाद भी लड़के कपड़ों को सही से कैरी नही कर पाते। ऐसे में आज आपको टी-शर्ट पहनकर परफेक्ट लुक पाने के लिए कुछ टिप्स बताएंगे। हालांकि टी-शर्ट पहनना काफी आसान है लेकिन फिर भी इसे पहनते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर आप टी-शर्ट पहनते समय कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो आपका लुक किसी हीरो से काम नही लगेगा।*



### सही हो फिटिंग

अगर आप पोलो टीशर्ट पहन रहे हैं, तो ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो। अगर टीशर्ट ज्यादा ढीली होगी तो ये देखने में अजीब होगी, वहीं ज्यादा टाइट टीशर्ट आपके लुक को बिगाड़ सकती है। इसे पहनने से शरीर का आकार भी अजीब दिखता है।


### कॉलर करें सही से सेट

एक समय था जब ज्यादातर लड़के टीशर्ट के कॉलर को खड़ा रखते थे, लेकिन अब वक्त बदल गया है। आज के समय टीशर्ट का कॉलर सही से सेट किया हुआ ही अच्छा लगता है।

### बटन रखें बंद

टीशर्ट का परफेक्ट लुक पाने के लिए सिर्फ सबसे ऊपर वाला बटन खोल कर रखें। अगर आप सारे बटन खोलकर रखेंगे, तो ये देखने में काफी अजीब लगता है। खासतौर पर अगर आप दफ्तर जा रहे हैं, तो बटन का खास ध्यान रखें।





### टक इन करें या नहीं

अगर आपका पेट निकला हुआ है, तो कभी टीशर्ट को टकइन न करें। इससे पेट और अजीब दिखेगा। वहीं अगर आप एकदम फिट हैं, तो अपनी पसंद के हिसाब के टीशर्ट को टकइन कर सकते हैं।

### पॉकेट वाली टीशर्ट से रहें दूर

ज्यादातर टीशर्ट पर आगे की तरफ एक साइड पॉकेट लगी होती है। भले ही ये देखने में अच्छी लगती हो, लेकिन अगर आप इसे पहनेंगे तो आपका लुक खराब दिख सकता हैं। ऐसे में कोशिश करें कि जो टीशर्ट आप पहनने जा रहे हैं, उसमें जेब न हो।

21 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/21/2024 7:46 PM Page 1





# 100वीं फिल्म में नरसंहार करेंगे मनोज बाजपेयी

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'भैया जी' का टीजर बुधवार, 20 मार्च को रिलीज हो गया है। और यकीन मानिए, यह ऐसी फिल्म लग रही है जिसका इंतजार करना भी मुश्कलि है। 'सत्या', 'शूल' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में अपने इंटेंस एक्शन अवतार से खौफ पैदा करने वाले मनोज इस बार देसी एक्शन स्टार बनकर लौटे हैं। एक मिनट और 23 सेकेंड के इस टीजर में बहती हवाओं से लेकर उड़ती धूल तक में सिर्फ एक चीज है- भैया जी का खौफ। इस टीजर को शेयर करते हुए मनोज बाजपेयी ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'अब निवेदन नहीं नरसंहार होगा। आ गई है भैय्या जी की पहली झलक।'

## लाइफ Style



# श्रद्धा कपूर

## लगी जोर की भूख, मांगने लगीं फ्री में पिज्जा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया फ्रीक हैं और आए दिन सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। इसी वजह से वो सबसे पॉपुलर भारतीय इंस्टाग्रामर्स की लिस्ट में शामिल अभिनेत्री भी हैं। एक्ट्रेस अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खबरों में बनी रहती हैं। हाल में ही एक्ट्रेस का वीडियो सामने आया जो हर किसी का ध्यान खींच रहा है।

'तू झूठी मैं मक्कार' एक्ट्रेस हाल में ही एक इवेंट में स्पॉट की गई थीं, जहां उन्हें जोर की भूख लग गई। फिर क्या था एक्ट्रेस ने वहीं खाने का इंतजाम करना शुरू कर दिया। अब आपको पूरा मामला बताते हैं। एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर बीती शाम एक इवेंट में पहुंची ही थीं कि उन्हें काफी भूख लगी। बाहर ही पिज्जा बंट रहे थे। एक्ट्रेस झट से वहां पहुंचीं और उन्होंने बिना संकोच पूछा कि अगर एक एक्स्ट्रा हो तो उन्हें दे दें। एक्ट्रेस ने पैपराजी के लिए लगे पिज्जा स्टॉल पर जाकर कहा, 'एक एक्स्ट्रा है क्या, भैया एक लेकर जाऊं प्लीज, पक्का ये एक्स्ट्रा है न...थैंक्यू यार...मैंने देखा यहां पर क्या पार्टी चल रही है...पिज्जा पार्टी'। इसके बाद एक्ट्रेस हाथ में पिज्जा थामें और अपना गाउन संभालते आगे बढ़ गईं। इसके बाद एक्ट्रेस का एक और वीडियो सामने आया, जिसमें वो इवेंट से बाहर आते नजर आईं। इस दौरान उन्होंने बताया कि आखिर उन्होंने वहां पिज्जा क्यों मांगा था। एक्ट्रेस ने पैपराजी से कहा, 'थैंक्यू आप सबने मेरे साथ शेयर किया, मुझे बहुत भूख लगी थी। थैंक्यू मेरी तरफ से...एक ट्रीट बाकी है मेरी तरफ से'। दोनों ही वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। एक्ट्रेस की क्यूनेस पर लोग फिदा हो रहे हैं और उन पर कमेंट सेक्शन में खूब प्यार लुटा रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नए जेम्स बॉन्ड पर लग गई मुहर

**लॉस एंजिलिस।** जेम्स बॉन्ड को लेकर इंटरनेट पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक एरोन टेलर-जॉनसन अगले जेम्स बॉन्ड के रूप में पर्दे पर नजर आएंगे। एक ब्रिटिश टैबलॉयड में छपी रिपोर्ट की मानें तो वे सबसे प्रतिष्ठित पात्रों में से एक जेम्स बॉन्ड के किरदार को निभाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने से बस एक कदम दूर हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टेलर-जॉनसन को औपचारिक रूप से इस किरदार को निभाने की पेशकश की गई है और आने वाले दिनों में वे इस अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। फिल्म जेम्स बॉन्ड के निर्माता ईओएन प्रोडक्शंस ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।



# 380 शब्द बोलने के लिए 127 करोड़ रुपए की फीस

**लॉस एंजिलिस।** 'जॉन विकः चैप्टर 4' के कलेक्शन ने तो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। कियानू ने इस फिल्म के लिए जो फीस चार्ज की, उसे तो सुनिए।'जॉन विकः चैप्टर 4' की सफलता के बीच, एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि फिल्म में कियानू रीव्स ने 169 मिनट के पूरे समय में केवल 380 शब्द बोले। इसकी तुलना में, पहली फिल्म जो 101 मिनट लंबी थी, उसमें कियानू ने 484 शब्द बोले थे। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कियानू ने फिल्म में जो सबसे लंबा शब्द बोला है, वह है, 'तुम और मैं बहुत समय पहले एक अच्छा जीवन पीछे छोड़ चुके हैं, मेरे दोस्त।' इसमें आगे बताया गया है कि एक्टर को फिल्म के लिए 15 मिलियन डॉलर का भारी भुगतान किया गया था, जो करीब 127.5 करोड़ रुपए हैं।



# लाल साड़ी और मांग में सिंदूर भरे दिखीं

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की 'पुष्पाः द राइज' साल 2021 में आई थी, तो और तभी से फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस की एक्साइटमेंट तबसे और अधिक बढ़ गई जब साल 2023 में इसका टीजर रिलीज किया गया था। अब यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को रिलीज होने वाली है और रश्मिका मंदाना ने शूटिंग भी शुरू कर दी है। हाल ही 'पुष्पा 2' के सेट पर रश्मिका मंदाना की एक तस्वीर सामने आई है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। मंदाना को 'पुष्पा 2ः द रूल' के सेट पर लाल साड़ी पहने और मांग में सिंदूर भरे स्पॉट किया गया। उनका लुक देखकर लग रहा है कि वह पुष्पराज के साथ शादी का सीक्वेंस शूट कर रही थीं। मालूम हो कि पुष्पा 2 में रश्मिका मंदाना की पुष्पराज यानी अल्लू अर्जुन से शादी हो जाएगी।



# रणदीप का ट्रांसफॉर्मेशन देख शॉक्ड हुए फैंस

**मुंबई।** 'हाईवे', 'सुल्तान' और 'सरबजीत', जैसी कई फिल्मों में अपने अभिनय से इंडस्ट्री में धाक जमा चुके एक्टर रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी डायरेक्शन डेब्यू को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक्टर ने फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' में अभिनय के साथ-साथ डायरेक्शन भी किया है। इस फिल्म में वह स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका निभा रहे हैं। इसी बीच हाल ही में रणदीप हुड्डा ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनका लुक लोगों को चौंका रहा है। सामने आई तस्वीर में आप रणदीप हुड्डा का ट्रांसफॉर्मेशन देख सकते हैं। किस तरह रणदीप हुड्डा ने वीर सावरकर के किरदार के लिए अपना वजन कम किया है। इस फोटो में रणदीप को पहचानना मुश्किल हो रहा है।

## टीवी मसाला



# 10 साल तक करते रहे ना-ना, अब पहली बार ठहाके लगाएंगे आमिर

**मुंबई।** जो 10 साल में कभी नहीं हुआ, जिसकी चर्चा 2013 से ही हर किसी की जुबान पर है, वह आखरिकार अब होने वाला है। कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में पहली बार सुपरस्टार आमिर खान मेहमान बनकर पहुंचने वाले हैं। जी हां, 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' से लेकर 'द कपिल शर्मा शो' तक में तमाम सुपरस्टार्स कई बार नजर आए, लेकिन आमिर खान ने इस शो से हमेशा दूरी बनाए रखी थी। लेकिन अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 30 मार्च से शुरू हो रहे 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में यह नजारा देखने को मिलेगा, जहां मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान, दिग्गज कपिल शर्मा, सुनील ग्रोवर और उनकी टीम के साथ जमकर हंसी ठठोली करते नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पहले एपिसोड में ही आमिर खान मेहमान बनकर पहुंचने वाले हैं। शो से जुड़े एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट के कहा गया है, 'आमिर खान आज तक कभी भी कपिल शर्मा के शो में नहीं आए हैं। यह पहली बार होगा जब वह कपिल के साथ कॉमेडी के मंच पर होंगे।'

# तब्बू की फिल्म 'चांदनी बार' का बनेगा सीक्वल



**मुंबई।** तब्बू की सुपरहिट फिल्म 'चांदनी बार' का सीक्वल बन रहा है। इसके पहले पार्ट ने राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किया था। इस फिल्म की कास्टिंग से लेकर प्री-प्रोडक्शन प्रक्रियाएं शुरू हो चुकी हैं। इसको अंतिम रूप देने के बाद इस साल के मध्य तक इस फिल्म का निर्माण शुरू हो जाएगा। मोहन आजाद ने 2001 की मूल फिल्म की पटकथा और संवाद लिखे थे। वह अब अगली कड़ी पर काम कर रहे हैं, यानी दूसरे पार्ट में भी उसी प्रकार का रोमांच और रियलिज्म देखने को मिल सकता है। फिल्म की रिलीज दिसंबर 2025 में तय की गई है। हालांकि, अभी तक किसी अभिनेता से आधिकारिक तौर पर संपर्क नहीं किया गया है, लेकिन अगली फिल्म में भूमिकाओं के लिए पहली फिल्म के कुछ कलाकारों पर विचार किया जा सकता है।

# सूर्या पर भारी पड़े कंजी आंखों वाले बॉबी



**मुंबई।** 'कंगुवा' का टीज़र आखिरकार रिलीज हो गया है। मंगलवार को, सूर्या ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी आगामी रिलीज 'कंगुवा' का एक मिनट लंबा टीज़र शेयर किया, जिस पर फैंस ने शिवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म पर रिएक्ट किया है। पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म का टीज़र इस कैप्शन के साथ शुरू हुआ कि 'कंगुवा वर्ल्ड के लिए खुद को तैयार रखें। यह उस जमीन की झलक देता है जहां हिंसा और खून-खराबा होता है।' सूर्या एक भयंकर योद्धा के रोल में खूंखार दिख रहे हैं, जो युद्ध के लिए सेना का नेतृत्व करता है। टीज़र में उनके लंबे बाल हैं और उनका लुक एकदम देहाती है। इसमें बॉबी देओल के कैरेक्टर की भी झलक दिख रही है, जो फिल्म में विलन बने हैं। सूर्या ने कंगुवा के टीज़र को शेयर करते हुए लिखा, 'दोस्तों #कंगुवा की एक झलक...!' फिल्म के रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं की गई है।

# नितेश की 'रामायण' को मिल गया लक्ष्मण



**मुंबई।** नितेश तिवारी की आनेवाली सबसे बड़ी फिल्म 'रामायण' पिछले काफी समय से चर्चा में है। यह फिल्म पिछले कुछ समय से अपनी स्टारकास्ट को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। जहां रणबीर कपूर को फिल्म में भगवान राम का लीड रोल निभाने के लिए चुना गया है, वहीं साई पल्लवी सीता की भूमिका निभा रही हैं और यश रावण के रोल में नजर आएंगे। अब रिपोर्ट से पता चला है कि मेकर्स को आखिरकार अपना लक्ष्मण मिल गया है और यह कोई और नहीं बल्कि टीवी एक्टर रवि दुबे हैं। रवि एक टेलीविजन एक्टर और मेकर रहे हैं। उन्हें टेलीविजन शो 'जमाई राजा' से फेम मिला। रणबीर, साई और यश के अलावा, मेकर्स ने फिल्म में विभीषण की भूमिका निभाने के लिए हरमन बावेजा को भी शामिल कर लिया है। फिल्म अप्रैल में फ्लोर पर जाएगी और फिल्म सिटी में इसकी शूटिंग की जाएगी। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान, अरुण गोविल से रणबीर के भगवान राम का रोल प्ले करने पर सवाल किया गया था कि क्या एक्टर रामायण में अरुण गोविल की तुलना कर सकते हैं। अरुण गोविल ने कहा कि केवल समय ही यह बताएगा कि रणबीर अपने कैरेक्टर भगवान राम को शानदार तरीके से दिखा पाएंगे या नहीं।

# विक्की नहीं बल्कि शाहिद बनेंगे 'अश्वत्थामा'



मुंबई। शाहिद कपूर आखिरी बार फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। इस रोम-कॉम ड्रामा में शाहिद ने कृति सेनन के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस फरमाया था। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। वहीं इस फिल्म के बाद अब एक्टर एक और बड़ी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहले विक्की कौशल दिखाई देने वाले थे। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है 'अश्वत्थामा।' जी हां, हाल ही में शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नई फिल्म 'अश्वत्थामा' का ऐलान किया है। इसमें वह गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र 'अश्वत्थामा' का किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि शाहिद से पहले इस किरदार को विक्की कौशल निभाने वाले थे।

# 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' अवॉर्ड में माधुरी ने लूटी महफिल


**मुंबई।** 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' अवॉर्ड नाईट का आयोजन मंगलवार शाम मुंबई में किया गया। यह पुरस्कार उन भारतीय को दिया जाता है जो किसी न किसी तरह से देशहित के लिए कुछ कर रहे हैं। आइए आपको बताते हैं कि इस मौके पर बॉलीवुड के कौन-कौन से सितारे नजर आए और किसके हिस्से में 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी आई...





### माधुरी दीक्षित

*बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' में पहुंचीं। माधुरी बॉल-गाउन में बेहद हसीन लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को पूरा करने के लिए बालों का हाई बन बनाया हुआ था। वहीं माधुरी दीक्षित को 'सेंसेशनल सुपर स्टार' की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।*



### तमन्ना ने जीता खिताब

मशहूर फैशन डिजायनर मनीष मल्होत्रा को 'फैशन विजनरी' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं तमन्ना भाटिया को 'स्टार इन द स्पॉट-लाइट' के लिए 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी मिली। इस मौके पर तमन्ना बेहद खुश नजर आईं।



### बॉबी देओल 'मोस्ट लव्ड स्टार

अभिनेता बॉबी देओल को 'मोस्ट लव्ड स्टार' की ट्रॉफी मिली और कार्तिक आर्यन को 'स्टैंड आउट परफॉर्मर ऑफ द ईयर' के लिए 'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### टाइगर श्रॉफ बने युथ आइकन

'फेमिना ब्यूटीफुल इंडियंस 2024' में टाइगर श्रॉफ को 'युथ आइकन' की ट्रॉफी मिली। साथ ही साथ अनन्या पांडे को 'स्टैंड आउट परफॉर्मर ऑफ द ईयर फीमेल' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट कार्य के लिए डाककर्मी सम्मानित

**कटगोड़ी।** कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम कटगोड़ी स्थित डाकघर के बीपीएम लालबहादुर के द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने पर डाक अधीक्षक सरगुजा संभाग द्वारा सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिले के कटगोड़ी स्थित डाकघर के बीपीएम लालबहादुर के द्वारा 650 पीओएसबी खाते खोला गया, इस पर सरगुजा संभाग के डाक अधीक्षक द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

### चुनाव एवं होली के मद्देनजर थाने में तलब किए गए गुंडा बदमाश



**डोमनहिल।** लोकसभा चुनाव एवं आगामी त्यौहारों को लेकर थाना चिरमिरी अंतर्गत निगरानी गुंडा-बदमाशों की परेड लेकर अपराध नहीं करने एवं शांति बनाएं रखने के लिए समझाइए दी गई। थाना प्रभारी अमित कुमार कौशिक ने बताया कि लोकसभा चुनाव एवं होली के पर्व को शांतिपूर्ण मनाने के लिए गुंडा बदमाशों को तलब कर उन्हें सख्त हिदायत दी गई है कि यदि किसी भी प्रकार की उनके विरुद्ध जानकारी मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। शीघ्र ही अन्य अपराधिक मामलों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदर्शनी में महिलाओं को दी गई पौष्टिक आहारों की जानकारी



**सोनगरा।** विकास खंड प्रतापपुर अंतर्गत सोनगरा में पोषण पखवाड़ा 9 से 23 मार्च तक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सोनगरा अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी एवं आयुष केंद्र के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष सिंह द्वारा महिला बाल विकास विभाग के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए सेक्टर अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं बच्चों व महिलाओ को पोषक आहारों की प्रदर्शनी लगा कर सभी को पोषण पखवाड़ा मनाने के महत्व बताया। उन्होंने स्वच्छता, हाथ धोने की विधि, पारम्परिक आहार प्रथा एवं घरेलु औषधि के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान सुपरवाइजर श्रीमती मानकुवर ध्रुवे, मोहित राम, सुनिता, रीता, गमला सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी के बच्चे व स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों की अवहेलना पर 107 वाहन चालकों पर 86 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। एसपी के निर्देश पर की जा रही करवाई के तहत दो पहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 11 प्रकरण दर्ज कर 55 सौ रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले कुल 39 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर कुल 11 हजार 700 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया तथा अन्य विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 57 प्रकरण दर्ज कर कुल 69 हजार 700 रुपए रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है।

## बलरामपुर के 49 केन्द्रों में 5.19 लाख एवं सरगुजा के 52 केन्द्रों में 2.70 लाख क्विंटल धान शेष

# डेढ़ महीने में सरगुजा के दो उपार्जन केन्द्रों के संपूर्ण धान का उठाव, बलरामपुर के केन्द्रों में लगा अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

धान खरीदी बंद हुए डेढ़ महीने से अधिक समय गुजर गया है लेकिन उपार्जन केन्द्रों में लगे धान के अंबार में कमी नहीं आई है।

**खास बात**
- लगातार वर्षा होने से बढ़ा धान में अंकुरण होने का खतरा

विपणन संघ ने उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के उठाव के लिए राइस मिलर्स को डीओ जारी कर अपनी जिम्मेदारियां पूरी कर दी है। इधर लगातार वर्षा होने से धान के खराब होने एवं भारी मात्रा में सूखत आने के भय से समिति प्रबंधक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। धान खरीदी के दौरान जांच के नाम पर पूरे दिन उपार्जन केन्द्रों का चक्कर लगाने वाले अधिकारियों ने अब उपार्जन केन्द्रों से अपना मुंह मोड़ लिया है। धान खरीदी बंद होने के बाद अधिकारियों को संग्रहित धान की हालत जानने का समय नहीं मिल रहा है। अब करोड़ों के शासकीय धान की सुरक्षा अकेले समिति प्रबंधकों को करनी पड़ रही है। खरीदी प्रारम्भ होने के बाद से अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे संग्रहण किया गया है। कई समितियां ऐसी हैं जहां अभी तक धान का उठाव शुरू तक नहीं हो सका है। कुछ उपार्जन केन्द्रों में बाद में खरीदे गए धान का उठाव कर लिया गया है तथा प्रारम्भ में खरीदे गए धान के परिवहन के लिए इंतजार किया जा रहा है। सुरक्षा के लिए संग्रहित धान को तिरपाल से ढका गया है लेकिन तेज आंधी एवं भारी वर्षा होने के बाद धान के खराब होने की संभावना बढ़ गई हैं। समिति प्रबंधक उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के सुरक्षित होने का दावा कर रहे हैं साथ ही वर्ष 2021-22 में धान उठाव में विलंब होने एवं बार-बार मौसम खराब होने का हवाला देकर इस बार भी शासन से शार्टेज में राहत देने की मांग कर रहे हैं। हालत यह है कि अभी भी सरगुजा के सभी 54 में से 52 उपार्जन केन्द्रों में 2 लाख 69 हजार 448 क्विंटल धान उठाव का इंतजार कर रहा है। अब तक मात्र दो उपार्जन केन्द्र खड़धोवा एवं बतौली के संपूर्ण धान का उठाव हो सका है। बलरामपुर जिले के सभी 49 उपार्जन केन्द्रों में 5 लाख 970 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हैं। सूरजपुर जिले के 18 केन्द्रों के संपूर्ण धान का उठाव हो चुका है जबकि शेष बचे केन्द्रों में मात्र 45 हजार 190 क्विंटल धान बचा है।



समिति जाम धान।

### प्रति ट्रक 2 क्विंटल की शार्टेज

मौसम खराब होने के कारण पिछले पांच दिनों से धान का उठाव बंद है तथा अब लगातार धूप निकलने के बाद ही फिर से धान का उठाव संभव है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि लम्बे समय तक खुले आसमान के नीचे पड़े होने के बाद धान का उठाव प्रारम्भ किया गया है। मौसम खराब होने के पूर्व प्रति ट्रक धान में 2 से 2.5 क्विंटल धान की शार्टेज आ रही थी जिसकी भरपाई प्रबंधकों को करनी पड़ रही है। चालकों की मनमानी एवं लापरवाही के कारण भी धान की मात्रा कम हो रही है तथा कांटा घर पहुंचने तक धान के बोरे गायब हो जा रहे हैं।

### दूरस्थ केन्द्रों में अंबार

शहरी क्षेत्र से सटे उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के उठाव में राइस मिलर दबाव के बाद धीमी गति से धान का उठाव कर रहे हैं लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों के उपार्जन केन्द्रों का धान उठाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। सरगुजा जिलान्तर्गत उपार्जन केन्द्र केरजू में 28 हजार 449 क्विंटल, गेरसा में 25 हजार 334 क्विंटल, धौरपुर में 13 हजार 579 क्विंटल, बेलजोरा में 24 हजार 818 क्विंटल, राजापुर में 27 हजार 953 क्विंटल धान जबकि 19 उपार्जन केन्द्रों में 10 हजार क्विंटल अधिक एवं 8 केन्द्रों में 1 हजार क्विंटल से कम धान उठाव का इंतजार कर रहा है। बलरामपुर जिलार्न्गत उपार्जन केन्द्र कामेश्वर नगर 40 हजार 336 क्विंटल, चांदो में 27 हजार 782 क्विंटल डिंडो में 21 हजार 186, जिला मुख्यालय बलरामपुर में 25 हजार 310 क्विंटल, कुसमी में 21 हजार 156 क्विंटल जबकि 16 केन्द्रों 20 हजार क्विंटल से कम एवं 27 केन्द्रों में 10 हजार क्विंटल से कम धान शेष बचा है। सूरजपुर के 16 उपार्जन केन्द्रों के संपूर्ण धान का उठाव कर लिया है। मात्र दो केन्द्रों में 10 हजार क्विंटल से अधिक जबकि 10 में 100 क्विंटल से अधिक एवं 17 में कम धान शेष बचा है। संपूर्ण धान का उठाव होने के बाद खरीदी व उठाव की मात्रा का मिलान किया जाएगा जिसके बाद शॉर्टेज निर्धारित कर प्रबंधकों से वसूली की कार्रवाई होगी।

### मिलर नहीं ले रहे रूचि

एक महीने पूर्व डीओ जारी होने के बावजूद मिलर धान उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं। उठाव में विलंब होने एंव बार-बार मौसम खराब होने के कारण संग्रहित धान में अंकुरण होने एवं शॉर्टेज आने की संभावना है। धान उठाव के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं। स्थिति से शासन को अवगत कराया जाएगा।

-सुनील कुमार वर्मा
सीईओ, को-आपरेटिव बैंक

## बेमौसम बरसात से हुई फसल क्षति की शिकायत तत्काल दर्ज कराएं किसान

**एमसीबी।** जिले में असामयिक वर्षा दर्ज की गई है, जिससे फसल बीमा अंतर्गत गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, चना, अलसी एवं राई सरसों अधिसूचित फसलों को नुकसान होने की स्थिति निर्मित हुई है।

जिन किसानों के द्वारा इन फसलों का बीमा कराया गया है, ऐसे बीमित किसान का फसल नुकसान होने पर बीमा के प्रावधान के तहत वे बीमित किसान अपने फसल नुकसान की सूचना बीमा कंपनी के पास शिकायत के रूप में दर्ज करा सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा किसान भाइयों से अपील किया जाता है कि अपने फसल क्षति के संबंध में क्रिन्यावयक बीमा कंपनी एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को सीधे उनके टोल फ्री नंबर 18002660700 अथवा 14447 पर कॉल करके फसल नुकसान होने के 72 घंटे के भीतर शिकायत के रूप में दर्ज करा सकते हैं। फसल क्षति की सूचना देते समय किसान भाई अपने साथ अपनी फसल संबंधी जानकारी, किसान आवेदन आईडी, खाता नंबर, आधार नंबर, भूमि संबंधी विवरण तथा मोबाइल नंबर का विवरण जरूर साथ में रखें। कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के द्वारा कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं बीमा कंपनी को संयुक्त दल गठित कर बेमौसम बारिश से हुई फसल क्षति का आकलन तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। फसल क्षति की सूचना उपरांत बीमित किसानों में से प्रभावित किसानों को उनके फसल नुकसान आकलन के आधार पर प्रावधान अनुसार क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय की जाएगी। इसी प्रकार जिन किसानों ने फसल बीमा नहीं कराए हैं, वे सभी किसान अपने फसल क्षति की सूचना अपने ग्राम पटवारी की माध्यम से राजस्व विभाग को देते हुए आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### मासूम के सांस नली में फंसा चना, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम बतरा में 4 वर्षीय बच्चे के गले में चना फंस जाने से उसकी मौत हो गयी। ग्राम बतरा केनापारा निवासी चार वर्षीय राखी विश्वकर्मा मंगलवार को दोपहर में घर में चना खा रहा था इस दौरान चना का दाना उसके गले में फंस गया तथा सांस लेने में परेशानी होने लगी मासूम की बेचैनी बढ़ने पर परिजन उसे तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां मासूम की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर रिफर कर दिया।

## प्रेम व सद्भावना के साथ मनाए पर्व



शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

**चरचा कॉलरी।** होली पर्व को लेकर थाना चरचा के समीप सामुदायिक भवन में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पटना तहसीलदार अमृता सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल किण्डो मौजूद रहे। बैठक के दौरान तहसीलदार ने उपस्थित सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। परिचय प्राप्त के दौरान होली पर्व को लेकर जानकारी प्रदान की गई।

**खास बात**
- होली को लेकर शांति समिति की बैठक

वहीं होली त्योहार में शराब पीकर वाहन नहीं चलाए, वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, एक बाइक पर तीन व्यक्ति नहीं चले, तेज गति से वाहन न चलाए, नहीं तो पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं डीजे पर प्रतिबंध है, डीजे किसी भी प्रकार से नहीं बजाना है। त्यौहार का समय है यदि आप लोगों को बजाना है तो एक बॉक्स घर-मोहल्ले में धीमी आवाज में बजा सकते हैं, इससे किसी को परेशानी न हो। होली में मुखौटा प्रतिबंधित है, सिर्फ छोटे बच्चे ही मुखौटा का इस्तेमाल कर सकते हैं। होली त्यौहार खुशियों का त्यौहार है, जिसे शांतिपूर्ण रूप से मनाएं। रोजा रमजान का समय चल रहा है, किसी को जोर जबरजस्ती रंग-गुलाल न लगाए, इससे आपस में मदभेद हो सके। यदि ऐसा कुछ होता है तो तत्काल पुलिस को संपर्क करें, इससे पुलिस आपकी सहायता कर सकती है। बैठक के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जायसवाल, पार्षद रामकली पाल, कुमुद मिश्रा, नीरज गुप्ता, अनिल सिंह, दशरथ मोदी, संजय देवांगन, धर्मपाल, कुंडल साय, गणेश राजवाड़े, अंकित अग्रवाल, रोशन ओझा, मुस्लिम कमेटी के नौशाद अहमद, अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदस्यगण एवं काफी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



## करवा में स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत करवा में स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के समीप एक महिला द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को बुधवार को लटोरी तहसीलदार के निर्देश पर हटा दिया गया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत करवा निवासी देवनी कुशवाहा पति कृष्णा कुशवाहा द्वारा गांव में ही संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के समीप शासकीय भूमि खसरा नंबर 108/1 के रकबा 17.37 हेक्टेयर भूमि में से 16 बाई 5 मीटर भूमि पर अवैध रूप से 28 फरवरी 2024 को खूंटा गाड़कर बेजा कब्जा कर लिया गया था। मामले में लटोरी तहसीलदार के निर्देश पर बुधवार को राजस्व निरीक्षक भरत प्रजापति, लटोरी चौकी से सहायक उपनिरीक्षक अरविंद सिंह, हल्का पटवारी राजेंद्र आयाम, सरपंच प्रतिनिधि ललन सिंह, मधुसूदन कुशवाहा, नारायण राजवाड़े, अटल सिंह सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में महिला द्वारा किए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। बताया जा रहा है कि कार्यवाही के दौरान महिला द्वारा काफी हंगामा भी किया गया।

## फर्जी तरीके से नजूल भूमि का नामांतरण कराने के मामले में मुख्य आरोपी की खोजबीन कराने की मांग

**अम्बिकापुर।** भाजपा नेता एवं समाज सेवी कैलाश मिश्रा ने फर्जी तरीके से करोड़ों की 4.22 एकड़ शासकीय भूमि का नामांतरण करा 50 करोड़ में 8 लोगों को भूमि रजिस्ट्री करने के मामले में भू-माफियाओं द्वारा मुख्य आरोपी वंशु आ.भुटकुल लोहार को अपने कब्जे में रखने एवं उसकी हत्या करने की संभावना जताई है तथा आरोपी की खोजबीन करने की मांग कलेक्टर से की है। भाजपा नेता एवं समाज सेवी कैलाश मिश्रा ने भू-माफियाओं द्वारा पीजी कॉलेज के सामने स्थित राजमोहिनी भवन से सटी खसरा क्रमांक 243/41 रकबा 4.22 एकड़ भूमि ग्राम परसा निवासी वंसु राम पिता भुटकुल लोहार का फर्जी आधार कार्ड बना नजूल अभिलेखों में नामांतरण कराने एवं 8 लोगों को 50 करोड़ में भूमि की रजिस्ट्री करने की शिकायत की थी। मामले में कलेक्टर द्वारा प्रकरण का पुनरीक्षण प्रारम्भ कर आरोपी बंशुराम को उपस्थित होने नोटिसस जारी की थी। नोटिस पर न्यायालय में बंशुराम का पोता उपस्थित हुआ था तथा आरोपी के बीमार होने एवं उसका इलाज रायपुर में चलने की जानकारी दी थी। उसने आरोपी का इलाज किस अस्पताल में चल रहा है इसकी जानकारी नहीं दी थी जिसके कारण विरोधाभाषी परिस्थितियां निर्मित हो गई हैं। श्री मिश्रा ने मामले में मुख्य आरोपी की हत्या कर भूमाफियाओं द्वारा मामले से सम्बंधित राज को छिपाने का षडयंत्र करने का संदेह व्यक्त किया है तथा कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ ही मुख्य आरोपी की खोजबीन कराने की मांग की है ताकि फरार बंशुराम का पता चल सके। मालूम हो कि फर्जी तरीके से नजूल भूमि का नामांतरण करने के मामले में प्रशासन ने तत्कालीन नजूल अधिकारी नीलम टोप्पो सहित अन्य आरोपियों के विरूद्ध गांधीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है।

## गांजा तस्करी मामले में सप्लायर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** अवैध रूप से गांजा तस्करी के मामले में आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने सप्लायर को भी गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि मंगलवार को अवैध रूप से गांजा बिक्री करने आए दो तस्करों को कई लाख रुपए रूपये के गांजा के साथ गिरफ्तार किए जाने के मामले में आरोपियों की निशानदेही पर गांजा तस्कर पत्थलगांव जशपुर निवासी ग्राम गाला निवासी 52 वर्षीय सुखचरण सारथी पिता रामचंद्र सारथी को भी पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। बताया गया कि आरोपी सुखचरण सारथी भी एक मामले में जेल में निरुद्ध था, जहां पर उक्त दोनों आरोपियों से इसकी पहचान हो गई थी। इसके बाद तीनों आरोपी जेल से रिहा होने उपरांत उक्त अवैध रूप से गांजा तस्करी के कार्य में लिप्त हो गए।






न्यायालय तहसीलदार चिरमिरी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
//उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र.- 202302331200003 / अ-19 (1) / 2023-24
ग्राम- चिरमिरी, तहसील चिरमिरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के द्वारा WPC No. 4600/2023 M/s M.N.Roy and Sons, Dealer Indian Oil Corporation Ltd. & one other VS. State of Chhattisgarh & others में पारित आदेश दिनांक 19/10/2023 में ग्राम चिरमिरी के शासकीय भूमि खसरा नंबर 86/3 रकबा 0.486 हे. में से 6749 वर्गफुट को आवेदक फर्म M/s. M.N.Roy and Sons, चिरमिरी को भूमिस्वामी अधिकार में दिए जाने के मामले को 4 माह में निराकृत किए जाने का निर्देश दिया है, जिसके परिपेक्ष्य में ग्राम चिरमिरी के शासकीय भूमि खसरा नंबर 86/3 रकबा 0.486 हे. में से 6749 वर्गफुट को आवेदक फर्म M/s. M.N.Roy and Sons, चिरमिरी (द्वारा वर्तमान पाटनर्स विद्युत नाहा राय पिता स्व. अनिल चंद्र नाहा राय, अनुश्री नाहाराय पति इंद्रनील नाहाराय, जुड़ी नाहा राय पति निलेन्दु नाहा राय एवं अपूर्बा नाहा राय पति विपिन कुलकर्णी) को परिगणित प्रीमियम एवं भू-भाटक पर व्यवस्थापन करते हुए भूमिस्वामी अधिकार में दिए जाने हेतु राजस्व प्रकरण इस न्यायालय में जांच एवं प्रतिवेदन हेतु दर्ज किया गया है। पूर्व आवेदक प्रवीर कुमार नाहाराय की मृत्यु दिनांक 25/12/2023 को हो चुकी है।

अतएव किसी भी व्यक्ति या संस्था को उपरोक्त शासकीय भूमि के भूमि व्यवस्थापन के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवसों एवं समय पर दिनांक 05/04/2024 तक लिखित दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय-सीमा के बाद किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 15/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार चिरमिरी
जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)
//उद्घोषणा//

सर्व साधारण ग्राम जामपारा की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन खलखो आ. स्व. अलबर्ट खलखो निवासी गढ़ेलपारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जामपारा प.ह.नं. 08 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 14/5 रकबा 0.0175 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 05/04/2024 को 11:00 बजे आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 20/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

### दो दिनों से लापता ग्रामीण का रामनगर पासिंग नाला में मिला शव

बिश्रामपुर। गेहूं की फसल को देखने घर से निकले ग्रामीण का दूसरे दिन पासिंग नाला में शव बरामद किया गया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत रामनगर पतरापारा निवासी 55 वर्षीय अर्जुन सिंह पिता शोभित सिंह गोंड गत दिनों 18 मार्च को घर से पासिंग नाला के समीप स्थित खेत में लगाए गए गेहूं फसल को देखने की बात कहकर निकला था, जो वापस अपने घर नहीं लौट सका। 20 मार्च की सुबह ग्रामीण का शव पासिंग नाला में ही पाया गया। मामले की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया तथा मामले में मर्गकायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पेज 1 का शेष

### 100 दिन के ...

दी गई है,वहीं रेल परियोजना के लिए भी सरकार ने 120 करोड़ की स्वीकृति दे दी। पिछले सरकार ने इसे रोक रखा था, जिससे यह साबित होता है कि पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार के 100 दिन कांग्रेस के 5 साल पर भारी है। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कोरबा लोकसभा के प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की टिकट से प्रत्याशी चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है, अभी तक कई संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए, पिछले चुनाव में कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर सरकार की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाया और हमने सिद्ध कर दिखाया कि जो घोषणा पत्र में कहा था उसे पूरा किया। भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों के आवास छिनने का काम किया। भाजपा मुख्यमंत्री जब तक अपने आवास में नहीं गए, जब तक की आवास की राशि जारी नहीं कर दी। पूरे प्रदेश में महिलाओं में खुशी की लहर व्याप्त है, इतिहास में दर्ज होगा कि अभी तक किसानों के खाते में उतनी राशि नहीं गई, जितनी विष्णु देव सरकार के एक ही दिन में गई। पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले, श्रीमती प्रवीण सिंह, राहुल सिंह सहित भाजपा एवं महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

